कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.06.2024

विषयः- थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 02 अदद मोबाइल फोन को सकुशल बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं तलाश गुमशुदा व्यक्ति/वस्तु की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे, प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी की टीम को दिनांक-17.06.2024 को CEIR पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गुम हुए कुल 02 अदद मोबाइल फोन को बरामद किया गया था। आज दिनांक-20.06.2024 को गुम हुए 02 अदद मोबाईल फोन SAMSUNG GALAXY S20 FE व REALME 10 PRO PLUS को उनके मालिकों/स्वामियों को थाना मण्डुवाडीह पर बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया।

वर्तमान परिपेक्ष्य में मोबाइल गुम होने पर कोई भी व्यक्ति अपने नजदीकी थाने पर मोबाइल बिल के साथ अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं तथा https://www.ceir.gov.in/ पर जाकर अपने गुम हुये मोबाइल के सम्बन्ध में मोबाइल बिल व पुलिस शिकायत प्रति को अपलोड करते हुए शिकायत दर्ज कर सकते हैं, जिससे गुम हुये मोबाइल में पुनः दूसरी सिम लगाने पर उसकी जानकारी सम्बन्धित शिकायतकर्ता व सम्बन्धित थाना को CEIR पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगी।

बरामदगी का विवरण-

गुम हुए 02 अदद मोबाईल फोन SAMSUNG GALAXY S20 FE व REALME 10 PRO PLUS बरामद।

बरामद करने वाली टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 राजेन्द्र कुमार यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3.कं0ऑ0 ग्रेड-ए वरुण कुमार सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।